UNIVERSITY NEWS 15 JUNE 2026

THE PIONEER

LU releases 1st comprehensive CSR policy

PIONEER NEWS SERVICE
Lucknow

Lucknow University has released its first comprehensive corporate social responsibility policy to elevate its academic and technical engagement with industry, corporate houses, and public sector undertakings.

The detailed guidelines of this policy have been passed by the LU executive council. Through a dedicated CSR Cell established by LU, corporate organisations will now be able to directly contribute to the university's endowment fund, infrastructure and student welfare schemes in a transparent manner.

LU Vice-Chancellor JP Saini said, "The vision of Lucknow University is to create a self-reliant and world-class educational ecosystem where knowledge and industry can work together." He said the CSR policy was not merely a means of obtaining financial grants, but a shared and long-term journey towards nation-building, innovation and achieving the Sustainable Development Goals. "We invite the country's leading corporate houses to join hands with our expertise, human resources and energy to lay the foundation for real, practical and positive change in society," he said. The primary objective of this policy is to enable eligible companies covered under Section 135 of the Companies Act, 2013, to partner with LU in social welfare and nation-building. The university believes that this partnership will not only modernise campus infrastructure but also foster cutting-edge research in emerging global technologies such as artificial intelligence, semiconductors, green energy, cyber security, startup incubation, and healthcare technology.

Corporate houses can establish special scholarships, financial assistance programmes, and research fellowships for meritorious, economically weaker and underprivileged students.

Industry can directly fund ongoing scientific, social and interdisciplinary research projects in various departments of the LU.

Modern laboratories and specialised centres will be established on key topics such as robotics, environmental science, renewable energy, petroleum engineering, and climate change through CSR funding.

This includes the development of smart classrooms, laboratories, modern libraries, digital infrastructure, construction of new hostels, and expansion of infrastructure.

HINDUSTAN TIMES

LU LAUNCHES FIRST CSR POLICY TO BOOST RESEARCH, INFRASTRUCTURE

LUCKNOW: The University of Lucknow has unveiled its first comprehensive Corporate Social Responsibility (CSR) policy, aimed at strengthening partnerships with industry, corporate houses and public sector undertakings. The university's Executive Council has approved the policy guidelines, according to an official spokesperson.

The 106-year-old institution has introduced the policy to promote higher education, innovation and social development in line with national priorities and SDGs. A dedicated CSR cell has been set up to facilitate transparent contributions from corporate organisations towards the university's endowment fund, infrastructure development and student welfare initiatives.

The policy seeks collaboration with companies covered under Section 135 of the Companies Act, 2013. University officials said such partnerships would help modernise campus infrastructure and support research in emerging fields, including artificial intelligence, semiconductors, green energy, cybersecurity, startup incubation and healthcare technology.

CSR funding can be used for scholarships, fellowships and financial aide for meritorious and underprivileged students, besides supporting research projects across departments. The policy also envisages establishing centres of excellence in fields such as robotics, environmental science, renewable energy and climate change, along with modern laboratories, digital infrastructure and hostels.

The initiative will also support startup incubation, seed funding for innovation projects, entrepreneurship programmes, chair professorships, international collaborations and research grants for faculty members. HTC

Campus hiring gains pace at LU, average salaries near ₹12 lakh

Godhooli Sharma
godhooli.sharma@htlive.com

LUCKNOW : The University of Lucknow (LU) recorded a sharp rise in student placements and salary packages over the past three academic sessions, with more than 4,200 students securing jobs across undergraduate and postgraduate programmes in 2024-25. Average salaries touched nearly ₹12 lakh in some courses, according to data shared by the university's Central Placement Cell, a copy of which HT accessed.

Vice-chancellor Prof JP Saini said the university strengthened its placement system by creating separate placement cells for both campuses and would continue efforts to improve placement opportunities in the coming years.

Two-year postgraduate programmes emerged as the biggest contributors to placements. In 2024-25, 2,099 of the 3,130 graduates secured jobs, translating into a placement rate of nearly 67%, the highest among all programme categories. The corresponding figures stood at 1,923 placements out of 3,059 students in 2023-24 and 1,249 placements out of 3,087 students in 2022-23.

UNIV'S FIVE-YEAR UNDERGRADUATE AND ONE-YEAR PG PROGRAMMES ALSO MAINTAINED STRONG PLACEMENT RECORDS

The average salary for two-year postgraduate programmes also rose steadily, increasing from ₹7.45 lakh in 2022-23 to ₹9.79 lakh in 2024-25.

Four-year undergraduate programmes also witnessed a major rise in placements, with 1,975 of 3,333 graduates securing jobs in 2024-25. The average salary nearly doubled from ₹7.99 lakh in 2023-24 to ₹11.95 lakh in 2024-25.

Three-year undergraduate programmes, which have now been phased out, recorded 1,739 placements in 2023-24, up from 935 in 2021-22. The average salary for these courses also reached ₹11.95 lakh.

The university's five-year undergraduate and one-year postgraduate programmes also maintained strong placement records. In 2024-25, 128 of 156 students from five-year UG programmes secured jobs, while one-year PG programmes placed 22 of 25 graduates. The average salary for one-year PG courses crossed ₹10 lakh for the first time.

Prof Anoop Kumar Bharti, director of the Central Placement Cell, said improved branding, social media outreach and greater student focus on placements helped attract recruiters.

VOICE OF LUCKNOW

लविवि में कॉर्पोरेट निवेश से संवरेगा उच्च शिक्षा और शोध का स्तर

लखनऊ। लविवि ने उद्योग जगत, कॉर्पोरेट घरानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ अपने अकादमिक और तकनीकी संबंधों को एक नई ऊंचाई देने के लिए अपनी पहली विस्तृत सीएसआर नीति आधिकारिक रूप से जारी कर दी है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत आने वाली पात्र कंपनियों को विश्वविद्यालय के साथ मिलकर समाज कल्याण और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में भागीदार बनाना है। मुख्य रूप से कॉर्पोरेट घराने मेधावी, आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृत्तियां, वित्तीय सहायता कार्यक्रम और शोध फेलोशिप शुरू कर सकते हैं। उद्योग जगत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में चल रहे वैज्ञानिक, सामाजिक और अंतःविषय शोध परियोजनाओं को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान कर सकते हैं। सीएसआर फंडिंग के माध्यम से रोबोटिक्स, पर्यावरण विज्ञान, रिन्यूएबल एनर्जी, पेट्रोलियम इंजीनियरिंग और क्लाइमेट चेंज जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधुनिक प्रयोगशालाओं और विशिष्ट केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

इसके तहत स्मार्ट क्लासरूम, प्रयोगशालाओं का विकास, आधुनिक लाइब्रेरी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, नए हॉस्टल का निर्माण और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर्स को मजबूत करने, नवाचार परियोजनाओं को सीड फंडिंग देने और छात्रों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए उद्योग जगत के साथ मिलकर काम किया जाएगा। शैक्षणिक उत्कृष्टता को बनाए रखने के लिए कॉर्पोरेट फंड से विशेष चेयर प्रोफेसरशिप और शिक्षकों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग व शोध अनुदान की व्यवस्था की जाएगी। विश्वविद्यालय और कॉर्पोरेट कंपनियां मिलकर ग्रामीण विकास, पर्यावरणीय जागरूकता और कौशल विकास कार्यशालाओं के माध्यम से सीधे समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

I NEXT

इंडस्ट्री के साथ मिलकर स्टूडेंट्स को अब फ्यूचर रेडी बनाएगा एलयू

स्टार्टअप को मिलेगा सपोर्ट, फंडिंग की भी सुविधा

स्टूडेंट्स को फेलोशिप के साथ स्कॉलरशिप भी

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (14 June): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने इंडस्ट्री, कॉरपोरेट सेक्टर और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ अपने एकेडमिक और टेक्निकल रिलेशन्स को नई ऊंचाई देने के लिए अपनी पहली सीएसआर पॉलिसी को आधिकारिक तौर पर जारी कर दिया है.

कॉरपोरेट संगठन जुड़ सकेंगे

सीएसआर पॉलिसी का मुख्य उद्देश्य एसडीजी के अकॉर्डिंग हायर एजुकेशन, इनोवेशन और सोशल डेवलपमेंट को गति देना है. एग्जीक्यूटिव काउंसिल की तरफ से इसे पारित कर दिया गया है और यूनिवर्सिटी सीएसआर सेल के माध्यम से कॉरपोरेट संगठन सीधे तौर पर यूनिवर्सिटी से जुड़ सकेंगे.

हमें एक बेहद मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना है

एलयू वीसी प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि लखनऊ यूनिवर्सिटी का विजन एक ऐसा आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर का शैक्षणिक इकोसिस्टम तैयार करना है, जहां ज्ञान और उद्योग मिलकर काम कर सकें. यह सीएसआर नीति केवल वित्तीय अनुदान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण, नवाचार और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक साझा और दूरगामी यात्रा है.

सकारात्मक परिवर्तन की नींव

उन्होंने आगे कहा कि हम देश के प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट घरानों को आमंत्रित करते हैं कि वे हमारी विशेषज्ञता, मानव संसाधन और ऊर्जा के साथ जुड़कर समाज में एक वास्तविक, व्यावहारिक और सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखें.

सीएसआर पॉलिसी का उद्देश्य एसडीजी के अकॉर्डिंग हायर एजुकेशन, इनोवेशन और सोशल डेवलपमेंट को गति देना है.

रिसर्च एंड इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावा

सीएसआर पॉलिसी का मुख्य उद्देश्य कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के तहत आने वाली पात्र कंपनियों को यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर समाज कल्याण और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में भागीदार बनाना है. यूनिवर्सिटी प्रशासन का मानना है कि इस साझेदारी से न केवल परिसर के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण होगा, बल्कि उभरती हुई ग्लोबल टेक्नोलॉजिस जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर्स, ग्रीन एनर्जी, साइबर सुरक्षा, स्टार्टअप इनक्यूबेशन और हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में रिसर्च एंड इनोवेशन को भी सपोर्ट मिलेगा.

सहयोग और निवेश के क्षेत्र

- स्कॉलरशिप और फेलोशिप
- रिसर्च प्रोजेक्ट एंड डेवलपमेंट
- लैब और रिसर्च सेंटर्स की स्थापना
- बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर का मॉर्डनाइजेशन
- स्टार्टअप और इनोवेशन में सपोर्ट
- फैकल्टी ग्रांट और चेयर प्रोफेसर की स्थापना
- सामुदायिक एवं ग्रामीण विकास

DAINIK JAGRAN

कारपोरेट निवेश से संवरेगा उच्च शिक्षा और शोध का स्तर

- लवि ने जारी की अपनी पहली विस्तृत सीएसआर नीति
- कारपोरेट संगठन संस्थान के विकास में देंगे अहम योगदान

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने उद्योग जगत, कारपोरेट घरानों व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ अपने अकादमिक और तकनीकी संबंधों को ऊंचाई देने के लिए अपनी पहली विस्तृत सीएसआर नीति जारी की है। इसके दिशा-निर्देशों को कार्य परिषद ने पारित कर दिया है। विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित विशेष सीएसआर सेल के माध्यम से अब कारपोरेट संगठन सीधे तौर पर संस्थान के बंदोबस्ती कोष, बुनियादी ढांचे और छात्र कल्याण योजनाओं में योगदान दे सकेंगे।

कारपोरेट घराने मेधावी, आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृत्तियां, वित्तीय सहायता कार्यक्रम और शोध फेलोशिप शुरू कर सकते हैं। उद्योग जगत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में चल रहे वैज्ञानिक, सामाजिक और अंतःविषय शोध परियोजनाओं को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान कर सकते हैं। सीएसआर फंडिंग के माध्यम से रोबोटिक्स, पर्यावरण विज्ञान, रिन्यूएबल एनर्जी, पेट्रोलियम इंजीनियरिंग और क्लाइमेट चेंज जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधुनिक प्रयोगशालाओं और विशिष्ट केंद्रों की स्थापना की जाएगी। स्मार्ट क्लासरूम, प्रयोगशालाओं का विकास, आधुनिक लाइब्रेरी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के इंक्यूबेशन सेंटर्स को मजबूत करने, नवाचार परियोजनाओं को सीड फंडिंग देने और छात्रों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए उद्योग जगत के साथ मिलकर काम किया जाएगा। शैक्षणिक उत्कृष्टता को बनाए रखने के लिए कारपोरेट फंड से शिक्षकों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग व शोध अनुदान की व्यवस्था की जाएगी। विश्वविद्यालय और कारपोरेट कंपनियां मिलकर ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और स्वच्छता अभियान, पर्यावरणीय जागरूकता और कौशल विकास कार्यशालाओं के माध्यम से सीधे समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे। सहयोग करने वाली कंपनियों के अधिकारियों, शोधकर्ताओं को विश्वविद्यालय के नियमानुसार सीधे अंशकालिक पीएचडी प्रवेश का अवसर मिलेगा।

पूरी खबर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

AMAR UJALA

लविवि : आवेदन की आज अंतिम तिथि

लखनऊ। लविवि में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून है। अभी तक फिलहाल तिथि बढ़ाने के संबंध में कोई जानकारी विवि की ओर से जारी नहीं की गई है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, अभ्यर्थी सोमवार तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के अलावा शहर के अन्य महाविद्यालयों में भी आवेदन हो रहे हैं। इससे पहले अंतिम तिथि 31 मई थी जिसे बढ़ाकर 15 जून कर दिया गया था। (माई सिटी रिपोर्टर)

SWATANTRA BHARAT

लविवि ने जारी की विस्तृत सीएसआर नीति

कॉर्पोरेट निवेश से संवरेगा उच्च शिक्षा और शोध का स्तर

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने उद्योग जगत, कॉर्पोरेट घरानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ अपने अकादमिक और तकनीकी संबंधों को एक नई ऊंचाई देने के लिए अपनी पहली विस्तृत सीएसआर नीति आधिकारिक रूप से जारी कर दी है। 106 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक और एनएएसी द्वारा ए प्लस प्लस(++)ग्रेड प्राप्त संस्थान ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप उच्च शिक्षा, नवाचार और सामाजिक विकास को गति देने के लिए यह बड़ा कदम उठाया है। इस नीति के विस्तृत दिशानिर्देशों को कार्य परिषद् द्वारा पारित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित विशेष सीएसआर सेल के माध्यम से अब कॉर्पोरेट संगठन सीधे तौर पर विश्वविद्यालय के बंदोबस्ती कोष, बुनियादी ढांचे और छात्र कल्याण योजनाओं में पारदर्शी तरीके से अपना योगदान दे सकेंगे। इस नीति का मुख्य उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत आने वाली पात्र कंपनियों को विश्वविद्यालय के साथ मिलकर समाज कल्याण और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में भागीदार बनाना है। विश्वविद्यालय

का मानना है कि इस साझेदारी से न केवल परिसर के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण होगा, बल्कि उभरती हुई वैश्विक प्रौद्योगिकियों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर्स, ग्रीन एनर्जी, साइबर सुरक्षा, स्टार्टअप इनक्यूबेशन और हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान को भी बल मिलेगा। यहाँ कॉर्पोरेट घराने मेधावी, आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृत्तियां, वित्तीय सहायता कार्यक्रम और शोध फेलोशिप शुरू कर सकते हैं। उद्योग जगत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में चल रहे वैज्ञानिक, सामाजिक और अंतःविषय शोध परियोजनाओं को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान कर सकते हैं। सीएसआर फंडिंग के माध्यम से रोबोटिक्स, पर्यावरण विज्ञान, रिन्यूएबल एनर्जी, पेट्रोलियम इंजीनियरिंग और क्लाइमेट चेंज जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधुनिक प्रयोगशालाओं और विशिष्ट केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण, स्टार्टअप और नवाचार सहयोग, फैकल्टी ग्रांट और चेयर प्रोफेसर की स्थापना, सामुदायिक और ग्रामीण विकास, निवेश करने वाली कंपनियों को मिलेंगे विशेष अकादमिक लाभ, अधिकारियों के लिए सीधी पीएचडी, अंशकालिक पीएचडी प्रवेश मिलेगा। कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय का विजन एक ऐसा आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर का शैक्षणिक इकोसिस्टम तैयार करना है, जहां ज्ञान और उद्योग मिलकर काम कर सकें। यह सीएसआर नीति केवल वित्तीय अनुदान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण, नवाचार और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक साझा और दूरगामी यात्रा है।

AMRIT VICHAR

कॉर्पोरेट निवेश से लविवि सुधारेगा उच्च शिक्षा और शोध का स्तर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीएसआर नीति में राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप शोध को बढ़ावा देने पर जोर

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने उद्योग जगत और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ अकादमिक और तकनीकी संबंधों को एक नई ऊंचाई देने के लिए विस्तृत सीएसआर नीति जारी की है। विश्वविद्यालय ने अपने गौरवशाली 106 वर्ष के विकास यात्रा में पहली बार राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप शिक्षा, नवाचार और सामाजिक विकास को गति देने के लिए यह कदम उठाया है। जिसे विश्वविद्यालय कार्यपरिषद ने पारित



कर दिया है।

विश्वविद्यालय के सीएसआर सेल के माध्यम से अब कॉर्पोरेट विश्वविद्यालय के बंदोबस्ती कोष, बुनियादी ढांचे और छात्र कल्याण योजनाओं में पारदर्शी तरीके से अपना योगदान दे सकेंगे। विश्वविद्यालय का मानना है कि इस साझेदारी से न केवल परिसर के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण होगा, बल्कि उभरती हुई वैश्विक प्रौद्योगिकियों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर्स, ग्रीन एनर्जी, साइबर सुरक्षा, स्टार्टअप इनक्यूबेशन और हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान को भी बल मिलेगा।

निवेशकर्ताओं को मिलेंगे विशेष अकादमिक लाभ

सीएसआर के तहत सहयोग करने वाली कंपनियों के अधिकारियों, शोधकर्ताओं या योग्य कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के नियमानुसार सीधे अंशकालिक पीएचडी प्रवेश का अवसर मिलेगा। इसके अलावा कंपनियां अपने अनुभवी विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और तकनीकी प्रबंधकों को अपने खर्च पर विश्वविद्यालय में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में तैनात कर सकती है।

लखनऊ विश्वविद्यालय का विजन एक ऐसा आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर का शैक्षणिक इकोसिस्टम तैयार करना है, जहां ज्ञान और उद्योग मिलकर काम कर सके। यह सीएसआर नीति केवल वित्तीय अनुदान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण, नवाचार और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक साझा और दूरगामी यात्रा है।

-प्रो. जेपी सैनी, कुलपति, लविवि

सहयोग और निवेश के मुख्य क्षेत्र

- छात्रवृत्तियां और फेलोशिप उत्कृष्ट छात्रों को प्रदान कर सकते है।
- प्रायोजित अनुसंधान एवं विकास में सहयोग के लिए ग्रांट दे सकते है।
- उत्कृष्टता केंद्रो रोबोटिक्स, पर्यावरण विज्ञान, रिन्यूएबल एनर्जी, पेट्रोलियम इंजीनियरिंग और क्लाइमेट चेंज पर आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना
- बुनियादी ढांचे के विकास में स्मार्ट क्लासरूम, प्रयोगशालाओं का विकास, आधुनिक लाइब्रेरी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, नए हॉस्टल का निर्माण और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा सकता है।
- स्टार्टअप और नवाचार सहयोग के लिए इनक्यूबेशन सेंटर्स को मजबूत करने, नवाचार परियोजनाओं को सीड फंडिंग देने और छात्रों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए उद्योग जगत के साथ मिलकर काम किया जाएगा।

HINDUSTAN

एलयू की सीएसआर सेल से जुड़ सकेंगे कारपोरेट घराने

लखनऊ, कासं। एलयू ने उद्योग जगत, कारपोरेट घरानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए आधिकारिक रूप से 'सीएसआर नीति' जारी की है। कार्य परिषद द्वारा पारित इस नीति के तहत एक विशेष सीएसआर सेल का गठन किया गया है।

इस नीति का उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पात्र कंपनियों को राष्ट्र निर्माण व समाज कल्याण के कार्यों में भागीदार बनाना है। इस साझेदारी से परिसर का आधुनिकीकरण होगा, साथ ही एआई, सेमीकंडक्टर्स, साइबर सुरक्षा जैसे उभरते वैश्विक क्षेत्रों में गति मिलेगी। उद्योग जगत मेधावी व वंचित वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां और शोध फेलोशिप शुरू कर सकता है। विशेष चेयर प्रोफेसरशिप और उद्योग विशेषज्ञों को विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में तैनात करने की व्यवस्था होगी। सहयोगी कंपनियों के योग्य कर्मचारियों को विवि में सीधे पार्ट-टाइम पीएचडी प्रवेश का अवसर मिलेगा।

"हम प्रतिष्ठित कारपोरेट घरानों को आमंत्रित करते हैं कि वे हमारी विशेषज्ञता, मानव संसाधन और ऊर्जा के साथ जुड़कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखें।"

प्रो. जे.पी. सैनी, कुलपति, एलयू

AMAR UJALA

चेतना के संतुलन का विज्ञान है योग

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य तनाव और जीवनशैली संबंधी विकारों के बीच ध्यान के महत्व को उजागर करना था। योग विभाग के कोऑर्डिनेटर अमरजीत यादव ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और चेतना के संतुलन का विज्ञान है। मुख्य वक्ता योगाचार्य किशोर कुमार शुक्ला ने बताया कि मन को आंतरिक चेतना की ओर ले जाने की प्रक्रिया ही ध्यान है। उन्होंने श्वास आधारित मंत्र, त्राटक, साक्षी भाव और विपश्यना जैसे ध्यान के विभिन्न प्रकारों को समझाया। कार्यशाला का संचालन राम किशोर ने किया जिसमें प्रतिभागियों ने ध्यान का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMAR UJALA

कॉर्पोरेट फंड से संवरेंगे कैंपस, मिलेगी छात्रवृत्ति

106 वर्ष पुराने लविवि की पहली सीएसआर नीति जारी, स्मार्ट क्लासरुम, हॉस्टल और शोध सुविधाओं के विस्तार का रास्ता खुला

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपनी पहली कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) नीति जारी की है। इसका उद्देश्य उद्योग जगत और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सहयोग से उच्च शिक्षा, नवाचार और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। नई नीति के तहत छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं और शोध संसाधनों के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा।

106 वर्ष पुराने विश्वविद्यालय को एनएएसी की ओर से ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त है। कार्य परिषद ने नीति के दिशा-निर्देशों को

विशेष सीएसआर सेल का गठन

छात्र कल्याण व नवाचार को उद्योग जगत के सहयोग से मिलेगा बढ़ावा

मंजूरी दे दी है और इसके क्रियान्वयन के लिए एक विशेष सीएसआर सेल का गठन किया गया है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि यह नीति केवल वित्तीय सहयोग का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और नवाचार की दिशा में साझा भागीदारी का प्रयास है।

नीति के तहत कॉर्पोरेट संगठन विश्वविद्यालय के बंदोबस्ती कोष, बुनियादी ढांचे और छात्र कल्याण योजनाओं में योगदान दे सकेंगे। इससे परिसर के आधुनिकीकरण के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर्स और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान को भी बल मिलेगा। यह साझेदारी कंपनी अधिनियम- 2013 की धारा 135 के तहत पात्र कंपनियों को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाएगी।

गरीब और मेधावी छात्रों को मिलेगा सहारा

कॉर्पोरेट घराने मेधावी तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां शुरू कर सकेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों में संचालित शोध परियोजनाओं को वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जा सकेगी। सीएसआर फंडिंग से रोबोटिक्स और पर्यावरण विज्ञान जैसे विषयों में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की योजना है। इसके अलावा स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक प्रयोगशालाओं और नए हॉस्टलों के निर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। स्टार्टअप इनक्यूबेशन केंद्रों को मजबूत करने तथा छात्रों में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए उद्योग जगत का सहयोग लिया जाएगा।

कंपनियों को भी मिलेंगे अकादमिक अवसर

सीएसआर के तहत सहयोग करने वाली कंपनियों के अधिकारियों को अंशकालिक पीएचडी में प्रवेश का अवसर मिलेगा। उनके शोध का पूरा खर्च संबंधित कंपनी वहन करेगी। इससे उद्योगों को अपनी समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान तलाशने में मदद मिलेगी। कंपनियां अपने अनुभवी विशेषज्ञों को विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में भी नियुक्त कर सकेंगी। विश्वविद्यालय को प्राप्त सीएसआर राशि पर आयकर अधिनियम की धारा 80जी के तहत कर छूट का प्रावधान भी रहेगा।

AMRIT VICHAR

मन के साथ मस्तिष्क और शरीर पर भी प्रभावी है ध्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर में स्थित योग और वैकल्पिक चिकित्सा विभाग में अष्टांग योग में वर्णित योग और ध्यान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि धारणा और समाधि के मध्य की अवस्था ध्यान है, जो मन, मस्तिष्क और शरीर पर समान रूप से प्रभावी है। विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एवं ऑल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत

लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर में ध्यान करते योग साधक।

ध्यान पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

योग विभाग के कॉर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव, चिंता, अवसाद व जीवनशैली संबंधी विकारों की बढ़ती चुनौतियों के बीच ध्यान व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। योग केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मन, बुद्धि और चेतना के संतुलन का विज्ञान है। ध्यान के नियमित अभ्यास से व्यक्ति की एकाग्रता, निर्णय क्षमता तथा मानसिक स्थिरता में वृद्धि होती है और वह अपने जीवन को अधिक सकारात्मक एवं उद्देश्यपूर्ण बना सकता है।

मन को वाह्य विकारों से मुक्त करता है ध्यान

योगाचार्य किशोर कुमार शुक्ला ने बताया कि ध्यान मन को बाह्य विषयों से हटाकर आंतरिक चेतना की ओर ले जाने की प्रक्रिया है। महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग में ध्यान को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है, यह धारणा और समाधि के मध्य की अवस्था है। ध्यान के माध्यम से व्यक्ति आत्म-जागरूकता, मानसिक शांति एवं आंतरिक संतुलन प्राप्त कर सकता है।

ध्यान की हैं विविध पद्धतियां

ध्यान के विभिन्न प्रकारों में श्वास आधारित ध्यान, मंत्र ध्यान, त्राटक ध्यान, साक्षी भाव ध्यान, विपश्यना ध्यान तथा ओंकार ध्यान की विशेषताओं का विशेष महत्व है। प्रत्येक प्रकार का ध्यान मन और मस्तिष्क पर अलग-अलग सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है तथा नियमित अभ्यास से तनाव में कमी, भावनात्मक संतुलन, स्मरण शक्ति एवं एकाग्रता में वृद्धि देखने को मिलती है।

NBT

- हेल्पऐज इंडिया कि ओर से विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम, राधाकमल मुखर्जी सभागार, समाज कार्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, सुबह 10: 30 बजे।

AMRIT VICHAR

- लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस में मानव शरीर पर योग विषयक प्रभाव पर कार्यशाला- 10 :00 बजे से।